# आकाशवाणी शिमला

## 05.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

### मुख्य समाचार

- देशभर के 9 करोड़ से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किश्त जारी।
- भाजपा अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नाहन में ज़िला भाजपा कार्यालय का किया शुभारम्भ।
- शिमला नगर निगम कोर्ट ने संजौली मस्जिद के अवैध निर्माण को 2 महीने के भीतर तोड़ने के दिए आदेश।
- प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम योजना से प्रदेश के 2 सौ 70 गांवों में विकसित होंगी मूलभूत सुविधाएं।

### किसान सम्मान

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किश्त आज जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज किसान सम्मान निधि की किश्त को महाराष्ट्र के वाशिम से जारी किया। उन्होंने कहा कि देशभर में 9 करोड़ 4 लाख से अधिक किसानों को 20 हज़ार करोड़ रूपए से अधिक की राशि का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिला है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस दौरान मौजूद रहे।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खादी की बिक्री के नए रिकॉर्ड को उत्साहजनक उपलब्धि बताया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों के बीच स्वदेशी के प्रति तेजी से बढ़ते रुझान को रेखांकित किया। गांधी जयंती के अवसर पर नई दिल्ली के खादी भवन में एक ही दिन में 2 करोड़ 1 लाख 37 हजार रुपये के उत्पाद बेचे गए।

### नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज नाहन में सिरमौर ज़िला भाजपा कार्यालय का शुभारम्भ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भाजपा का ज़िला कार्यालय पार्टी को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाता है और इसी लिए देश के हर ज़िले में पार्टी कार्यालय बनाए जा रहे हैं। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार गरीबों का हित चाहने वाली सरकार है, और सरकार की कई योजनाओं ने विभिन्न वर्गों को लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि पार्टी कार्यकर्ता नवनिर्मित नाहन कार्यालय को एक संस्कार केन्द्र के रूप में इस्तेमाल करेंगे। इस बीच विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार में डूबे होने का आरोप लगाया और कहा कि आने वाले दिनों में सरकार के हर तरह के भ्रष्टाचार का खुलासा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की अराजकता से तंग आकर प्रदेश से कई उद्योग पलायन कर गए हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह समेत अन्य नेता भी मौजूद रहे।

### कल्याण बोर्ड

प्रदेश में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से श्रमिकों को 32 करोड़ 32 लाख रूपए की राशि जारी की गई है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने बताया कि ये राशि पंजीकृत पात्र 8 हज़ार 8 सौ 83 कामगारों को दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य

सरकार इन श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत वित्तीय लाभ जारी कर इनका कल्याण सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा श्रमिकों के लिए समय–समय पर चिकित्सा शिविर व जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला ग्रामीण की सभी 58 पंचायतों में मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की गनेवग–नेहरा पंचायत में आज एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मंत्री आपके द्वार कार्यक्रमों में पंचायत क्षेत्र के स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा सकेगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का निर्धारित समय में समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से केन्द्र ने हाल ही में 3 सौ करोड़ रूपए की राशि मंजूर की है जिसके तहत सड़कों का और अधिक विस्तार किया जाएगा।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन से प्रदेश आज अव्यवस्था और अनिश्चितता की ओर अग्रसर है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के नादौन, बड़सर, बंगाणा और ऊना में आज जनसंवाद के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार की हालत खस्ता है और केन्द्र की योजनाओं के भरोसे राज्य चल रहा है। अनुराग सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश को कुछ नहीं दिया और इसके विपरीत केवल सुविधाएं छीनने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि चुनावों से पहले कांग्रेस ने कई बड़े वायदे किए थे लेकिन वर्तमान में खराब वित्तीय हालत के कारण सरकार को वेतन और पैंशन देना भी मुश्किल हो रहा है।

**मस्जिद**

शिमला नगर निगम कोर्ट ने संजौली मस्जिद के अवैध निर्माण को तोड़ने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम कोर्ट में आज हुई सुनवाई के तहत विवादित मस्जिद की दूसरी, तीसरी और चौथी मंज़िल को गिराया जाएगा। कोर्ट ने अवैध निर्माण को दो महीने के भीतर तोड़ने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई 21 दिसम्बर को तय की गई है।

**राजस्व मंत्री**

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने राज्य सरकार की सामाजिक सरोकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। रिकांगपिओ में आज एक बैठक में उन्होंने इन योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार करने पर भी बल दिया ताकि हर वर्ग इनसे लाभान्वित हो सके। जगत सिंह नेगी ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा भी की।

**बयान**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा पर केन्द्र से प्रदेश को मिलने वाली राशि को रूकवाने का आरोप लगाया है। एक संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि जबसे राज्य सरकार ने कर्मचारियों को पुरानी पैंशन का लाभ दिया है, तभी से भाजपा नेता कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं। इन नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में आई भयंकर आपदा में भी भाजपा ने केवल राजनीति की है और केन्द्र की ओर से प्रदेश को कोई मदद नहीं मिली। वहीं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने भी एक बयान में कहा कि भाजपा कांग्रेस के

खिलाफ कई तरह की अफवाहें फैला रही है, जबकि सच्चाई ये है कि प्रदेश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

**विधानसभा अध्यक्ष**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि बेरोज़गारी की चुनौती से निपटने के लिए राज्य सरकार तकनीकी व व्यावसायिक शिक्षा में निरंतर गुणात्मक सुधार कर रही है। चम्बा ज़िले में बौंखरी मोड़ में एक संस्थान के समारोह में उन्होंने कहा कि सरकार मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य के विकास व गरीब कल्याण के लिए वचनबद्ध है।

**उन्नत ग्राम**

प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम योजना में प्रदेश के 2 सौ 70 गांवों को शामिल किया गया है। इसी कड़ी में योजना में आकांक्षी ज़िला चम्बा के एक सौ 56 गांव शामिल किए गए हैं। चम्बा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि योजना के तहत चयनित गांवों में केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की योजनाओं के माध्यम से मूलभूत सुविधाएं जुटाने का काम किया जाएगा। योजना से जहां प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रहे लोगों को पक्के घर मुहैया करवाए जाएंगे वहीं जनजातीय गांव सड़क सुविधा से जोड़े जाएंगे। इसके अलावा सभी जनजातीय गांवों के लोगों तक पेयजल की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जाएगी।

**रैली**

वन्य प्राणी सप्ताह के तहत राजधानी शिमला में ढली के समीप कैचमेंट ऐरिया से साईकिल जागरूकता रैली को ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज हरी झण्डी दिखाई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाना आज के समय में बेहद ज़रूरी है और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से ही साईकिल रैली आयोजित की गई है। उन्होंने सभी से इस तरह की गतिविधियों को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि साइकिल चलाना पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी है।

**नवरात्रे**

शारदीय नवरात्रों के तीसरे दिन आज मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मां चंद्रघंटा नाद के साथ शांति का संदेश देती है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित सभी मंदिरों में मां की आराधना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है और माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

**शुभारम्भ**

सोलन में 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि उप–निदेशक देव राज कश्यप ने किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे देश में केन्द्र सरकार के तत्त्वावधान में 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के अन्तर्गत किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग 50 किसानों को पॉलिसी वितरित की गई।